हर्षोल्लास के साथ हुआ स्वच्छता पखवाड़े का समपान

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में स्वच्छता पखवाड़े की शुरूवात 17 सितम्बर भेलवा तालाब से शुरू होकर आज नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में समापन हुआ। जिसमें स्वच्छता को लेकर किये गये विभिन्न जनजागरूकता अभियान के विजेताओ को पुरूस्कृत किया गया। आज 02 अक्टूबर गांधी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के अवतरण दिवस पर विधायक रिकेश सेन, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू, चंद्रशेखर गंवई, लालचंद वर्मा, पार्षदगण, आयुक्त बजरंग दुबे, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी एवं समाजिक एवं अध्यात्मीक संगठन से जुड़े हुए प्रतिनिधियो द्वारा पुज्य महात्मागांधी जी के प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया गया। सभी ने महापुरूषो द्वारा दिये गये जन उपयोगी संदेशों को याद किया गया। विजेताओ को पुरस्कार देते समय विधायक रिकेश सेन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने स्वच्छता के प्रति हर भारत वासी को जागरूक कर दिया है। पहले घरो से निकलने वाले कचरो को हम सब नालियो में या इधर–उधर फेंक कर गंदगी कर देते थे। अब नहीं करते है, हमारे बच्चे ही उन्हे आगाह करते है। स्वच्छता लगातार चलने वाली प्रक्रिया है, जब तक हम इंदौर नगर निगम के समान भिलाई नगर निगम नम्बर 1 नहीं बन जाता। तब तक सफाई की ज्योति जलाए रखेगें। प्रभारी अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू ने सभी को अपने घरो से निकलने वाले गीला एवं सूखा कचरा को अलग करके सफाई मित्रो को देने के लिए आव्हान किया। आयुक्त बजरंग दुबे ने सभी को संबोधित करते हुए कहा सफाई की शुरूवात खुद से होती है। जिसकी खूसबू परिवार, समाज, राज्य एव ंपुरे देश तक फैलती है। हमे शपथ भर नहीं लेना है इसको अंगिकार भी करना है। विधायक एवं जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारियो द्वारा सफाई की गई एवं पर्यावरण को सुदृढ रखने के लिए वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान समूह की महिलाओ द्वारा प्रस्तुत किया गया, वेस्ट इस बेस्ट यानि कबाड़ से जुगाड़ द्वारा बनाई गई सामग्री का सभी ने तारिफ की। तत्पश्चात स्वच्छता के क्षेत्र में संस्थाओ, स्कूल के बच्चो एवं स्वच्छता मित्रो द्वारा किये गजा रहे कार्यो के विजेताओ को सम्मानित करते हुए उन्हे प्रशस्ति पत्र एवं सफाई मित्रो को ंसुरक्षा किट प्रदान किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से नगर निगम भिलाई द्वारा आयोजित साइकल रैली, निबंध, ड्रांईग, स्वच्छ स्कूल, स्वच्छ अस्पताल, स्वच्छ उद्यान प्रतियोगिता के विजेताओ को पुरूस्कृत किया गया। इसके साथ ही स्वच्छता ब्राण्ड अम्बेसडर अमिताभ भटटाचार्य, आर्ट कॉम संस्था (हर आंगन एक पेड़) से नीशू पाण्डेय, वृक्ष मित्र मुकेश पाण्डेय, स्वच्छता ही सेवा संस्थान, छ.ग. आर्मी पब्लिक वेलफेयर फाउन्डेशन से हरप्रित सिंग, एनडीआरएफ का दल, आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षिकाओ एवं छात्र–छात्राओ आदि को सम्मानित किया गया। अंत में स्वच्छता गाड़ियो को हरी झण्डी दिखाकर नगर की सफाई के लिए रवाना किया गया। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, निगम भिलाई के सभी जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी, लेखाधिकारी आदि उपस्थित रहे।